परेशानी

पर्यटन छवि पर भी पड़ रहा नकारात्मक प्रभाव

# जलभराव और खुदी सड़कें बनीं परेशानी का कारण



**नवभारत,जबलपुर।** शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल भेड़ाघाट को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अव्यवस्थित और धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य के कारण लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। लंबे समय से जारी सड़क निर्माण कार्य के बावजूद कई स्थानों पर सड़क खुदी हुई है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है।

बारिश का मौसम शुरू होते ही स्थिति और गंभीर हो गई है। अधूरी नालियों और निर्माण सामग्री के कारण कई स्थानों पर जलभराव की समस्या देखने को मिल रही है। कीचड़ और गड्ढों से वाहन चालकों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है, वहीं रोजाना आने-जाने वाले स्थानीय नागरिकों को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### समय-सीमा का नहीं हो रहा पालन

भेड़ाघाट जबलपुर का प्रमुख पर्यटन केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। खराब सड़क और निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण पर्यटकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है, जिससे शहर की पर्यटन छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में अपेक्षित गति नहीं दिखाई दे रही है और समयसीमा का पालन भी नहीं हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क और नालियों के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा जलभराव और यातायात संबंधी समस्याओं का जल्द स्थायी समाधान किया जाए, ताकि आमजन और पर्यटकों को राहत मिल सके।

## ट्रैक्टर चालक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत केवलारी फाटक के पास ट्रैक्टर हटाने की बात को लेकर तीन युवकों ने एक चालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया शिशुपाल सिंह (32 वर्ष), निवासी टिकरिया गोसलपुर, खेत से ट्रैक्टर लेकर घर लौट रहा था। केवलारी फाटक बंद होने के कारण उसने अपना ट्रैक्टर वहीं कतार में खड़ा कर दिया। इसी दौरान पीछे से एक मोटरसाइकिल पर अक्षय माना अपने दो साथियों के साथ वहां पहुंचा। तीनों आरोपी ट्रैक्टर हटाने की बात को लेकर शिशुपाल के साथ विवाद करने लगे। जब शिशुपाल ने कहा कि फाटक खुलने पर वह ट्रैक्टर हटा लेगा, तो तीनों आरोपी भड़क गए। आरोपियों ने शिशुपाल को जबरन ट्रैक्टर से नीचे उतारा और मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी अक्षय माना ने जान से मारने की नीयत से चाकू निकाला और शिशुपाल के पेट पर हमला कर दिया।



# सिटी पोस्ट ऑफिस मार्ग बदहाल, गड्ढों से राहगीर परेशान

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के पॉश इलाके विजय नगर स्थित सिटी पोस्ट ऑफिस की ओर जाने वाले मार्ग की हालत दिनों-दिन खराब होती जा रही है। यहाँ की सड़कें कई स्थानों पर उखड़ चुकी है और जगह-जगह बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार आवाजाही रहने के बावजूद सड़क की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दोपहिया वाहन चालक अक्सर असंतुलित होकर गिरने से बचते नजर आते हैं, वहीं चार पहिया वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई है। खराब सड़क के कारण जाम की स्थिति भी बन रही है।

### कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर सिटी पोस्ट मार्ग की मरम्मत कब होगी? वहीं बरसात से पहले सड़क सुधार के दावों का क्या होगा ? लोगों का कहना है कि विजय नगर जैसे प्रमुख क्षेत्र में सड़क की ऐसी स्थिति नगर निगम और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। नागरिकों ने जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

### इनका कहना है

तत्काल ही जोन के संबंधित अधिकारी से पूछकर इस मार्ग को दुरुस्त करवाया जाएगा।

**कमलेश श्रीवास्तव**
**कार्य यंत्री, लोनिवि**

# गिड़गिड़ाते रहे कोतवाली पुलिस ने हमारी नहीं सुनी

**एक पक्षीय कार्रवाई के विरोध में पीड़ित ने आईजी से लगाई गुहार**

**जबलपुर।** दमोहनाका में ऑटो किराए पर उपजे विवाद के बाद ऑटो चालक और यात्री महिलाओं के बीच हुई मारपीट के बाद एक पक्षीय कोतवाली पुलिस की कार्रवाई के विरोध में ऑटो चालक ने आईजी से गुहार लगाई। पीड़ित ने पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसकी मां और वे पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते रहे लेकिन पुलिस ने उनकी एक न सुनी और एकतरफा कार्रवाई की। पीड़ित ने लिखित शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायत में आधारताल के गौरीशंकर मंदिर कटरा निवासी अभिषेक सोनी उर्फ राजा ने बताया कि वे ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। वह अपनी मां ज्योति सोनी और ढाई साल की भांजी को लेकर चंचला बाई कॉलेज के पास जा रहा था।

दमोहनाका के पास उसे विमला लखेरा और उनकी बेटी दीक्षा लखेरा मिलीं, जिन्हें मेडिकल जाना था। ऑटो चालक का कहना है कि जब उसने तयशुदा किराया मांगा, तो महिलाएं कम पैसे देने पर अड़ गईं। मना करने पर विवाद इतना बढ़ गया कि महिलाओं ने बीच सड़क पर विवाद शुरू कर दिया और मारपीट पर उतारू हो गईं। बीच-बचाव के दौरान धक्का-मुक्की में दोनों पक्षों को खरोंचें आईं। पीड़ित अभिषेक सोनी का आरोप है कि घटना के बाद विपक्षी महिला ने पुलिस को फोन कर मौके पर बुलवाया।

पुलिसकर्मी ऑटो चालक को गाड़ी समेत कोतवाली थाने ले आए। आरोप है कि थाने के भीतर पुलिस ने पूरी तरह से एकतरफा रुख अपनाते हुए केवल विमला लखेरा की झूठी कहानी को सच माना। पीड़ित और उसकी मां अपनी बात रखने के लिए गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन पुलिस ने न तो उनकी शिकायत सुनी और न ही उनका आवेदन स्वीकार किया। थके-हारे पीड़ित ने अब आईजी से न्याय की गुहार लगाई।

# जमीन बेचने के नाम पर 9 लाख हड़पे, मां-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** मां, बेटे ने जमीन बेचने के नाम पर अनुबंध कर 9 लाख रुपये की बयाना राशि हड़प ली और बाद में वही जमीन चुपके से किसी दूसरे खरीदार को बेचकर रजिस्ट्री भी कर दी। बरेला पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, शारदा नगर रिछाई बरेला निवासी कमलेश कुमार झारिया और उनके मित्र रामेश्वर पटेल ने ग्राम जमुनिया निवासी सुषमा दुबे और उनके बेटे आदर्श दुबे से उनकी पैतृक कृषि भूमि खरीदने का सौदा किया था। खसरा नंबर 203 और 470 की कुल 0.43 हेक्टेयर जमीन का सौदा 12 लाख रुपये में तय हुआ था। 17 मई 2024 को न्यायालय परिसर में बाकायदा इसका 6 महीने का अनुबंध (एग्रीमेंट) तैयार हुआ। पीड़ितों ने आरोपियों को 9 लाख रुपये की रकम सौंप दी, जिसमें 2.50 लाख एसबीआई के चेक से और 6.50 लाख नगद दिए गए। इस लेनदेन के दो स्थानीय ग्रामीण गवाह भी थे।

### पटवारी की जांच में उजागर हुई ठगी

एग्रीमेंट की अवधि के दौरान जब पीड़ितों ने बची हुई 3 लाख रुपये की राशि देकर रजिस्ट्री करने को कहा, तो मां-बेटे टालमटोल करने लगे। उन्होंने बहाना बनाया कि जमीन का पारिवारिक बंटवारा अटका हुआ है। संदेह होने पर जब पीड़ितों ने हल्का पटवारी से रिकॉर्ड चेक करवाया, तो हैरान करने वाला खुलासा हुआ। जमीन का बंटवारा पहले ही हो चुका था। इसके बाद जब रजिस्ट्रार ऑफिस से दस्तावेज निकाले गए, तो पता चला कि मां, बेटे ने नया खसरा नंबर (202/03) जनरेट करवाकर वही जमीन शहर की एक महिला गीता स्थापक को मोटी रकम में बेच दी और उसकी रजिस्ट्री भी कर दी।

### पैसे मांगने पर धमकाया

धोखाधड़ी पकड़े जाने पर जब पीड़ित पक्ष ने अपनी बयाना राशि वापस मांगी, तो मां-बेटे ने साफ मना कर दिया। आरोपियों ने पीड़ितों को हड़काते हुए कहा, हमें ज्यादा पैसे मिल रहे थे तो हमने जमीन बेच दी। तुम्हें जो करना है कर लो, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। जमीन भी हाथ से जाने और 9 लाख रुपये डूबने के बाद पीड़ित कमलेश कुमार ने थान में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# दो युवकों को ऑटो ने मारी टक्कर

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत उड़ना चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ऑटो चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बर्थडे पार्टी में जा रहे मोटरसाइकिल युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मदर टेरेसा निवासी राकेश कुमार राय (36) बीती रात अपने साथी सत्येन्द्र लोधी और मुकेश बर्मन के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पाटन में एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा रहे थे। सत्येन्द्र लोधी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एम जे 8886 चला रहा था। रात करीब 9 बजे जैसे ही युवकों की मोटरसाइकिल उड़ना चौराहे से आगे बढ़ी, तभी जबलपुर की ओर से आ रहे ऑटो एमपी 20 जेड एक्स 3543 के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उन्हें सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सत्येन्द्र और मुकेश बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में दोनों के हाथ, पैर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।

### एक नजर में

## अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं का प्रथम दौर संपन्न

**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के संरक्षण एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी एम.एस. हाशमी के मार्गदर्शन तथा निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में 17 जून एवं 19 जून को प्रथम दौर की अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 19 जून को विवेक कुमार गुप्ता, उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्र के भाग्य का स्वरूप-निर्माण उसकी कक्षाओं में होता है विषय पर हिंदी वाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर विवेक कुमार गुप्ता एवं सहायक उपमहाप्रबंधक नवीन कुमार निर्णायक मंडल के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी संतलाल मर्सकोले ने किया। पश्चिम मध्य रेल पर स्थित मुख्यालय सहित तीनों मंडलों तथा दोनों कारखानों में प्रति वर्ष प्रथम दौर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। क्षेत्रीय स्तर पर इन तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारी दूसरे दौर की प्रतियोगिताओं में भाग लेते है। अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिता के दूसरे दौर की प्रतियागिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारी रेलवे बोर्ड की अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं में पश्चिम मध्य रेल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## नीट पुनर्परीक्षा के मद्देनजर ट्रेनों के समय में बदलाव

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा अधिसूचना के अनुसार, 21 जून को आयोजित होने वाली नीट पुनर्परीक्षा को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों और यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों के समय में बदलाव तथा कुछ ट्रेनों के मार्ग में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इस में गाड़ी संख्या 22188 अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी सुपरफास्ट ट्रेन का निर्धारित प्रस्थान समय 04:15 बजे है। अब यह ट्रेन अपने परिवर्तित समय 6:00 बजे प्रस्थान करेगी। अर्थात यह ट्रेन 01 घंटे 45 मिनट की देरी से चलेगी। वही गाडी संख्या 22189 जबलपुर-रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेसट्रेन का निर्धारित प्रस्थान समय 5:05 बजे है। अब यह ट्रेन अपने परिवर्तित समय 6:30 बजे प्रस्थान करेगी। अर्थात यह ट्रेन 01 घंटे 25 मिनट की देरी से चलेगी। वही गाड़ी संख्या 19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस ट्रेन 20 जून को अपने प्रारम्भिक स्टेशन भुसावल से प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए अपने गंतब्य स्टेशन कटनी को विस्तारित करते हुए अब यह ट्रेन 21 जून को सतना स्टेशन पर समाप्त होगी। अर्थात इस ट्रेन के मार्ग को सतना तक बढ़ाने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा गाडी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस ट्रेन 21 जून को अपने प्रारम्भिक स्टेशन कटनी के बजाय अब यह ट्रेन सतना रेलवे स्टेशन से समय सायं 7:00 बजे प्रस्थान करेगी तथा यह मध्य रात्रि रात 12:30 बजे कटनी होते हुए निर्धारित मार्ग से भुसावल पहुँचेगी।

# बिजली की डोरी काटने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडे चले

**नवभारत, जबलपुर ।** पाटन थाना अंतर्गत सुरैया सिमरिया में बिजली की डोरी काटने पर उपजे विवाद के बाद खूनी संघर्ष हो गया।दोनों पड़ोसियों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों पक्षों के लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

पुलिस ने बताया कि नीलेश सिंह लोधी (26) निवासी सुरैया सिमरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई में कि बीती रात करीब 10 बजे उनके घर की लाइट चली गई थी। जब वह बाहर खंभे के पास चेक करने गए, तो बिजली की डोरी कटी हुई थी। नीलेश ने चिल्लाकर पूछा कि डोरी किसने काटी, तो पड़ोसी भूरा रजक बाहर आया और विवाद करने लगा। विरोध करने पर भूरा के पिता संतोष रजक और भाई रवि रजक हाथ में डंडा लेकर आए। बीच-बचाव करने आए नीलेश के पिता लोक सिंह के नाक और होंठ पर रवि ने डंडे से हमला किया। वहीं संतोष ने चाचा भगवान सिंह को जमीन पर पटक दिया, जिससे उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं, दूसरे पक्ष के रविकांत रजक (30) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह रात में अपने घर पर थे, तभी पड़ोसी नीलेश लोधी उनके घर के पास आकर गाली-गलौज करने लगा। रविकांत के भाई कृष्णकांत उर्फ भूरा ने जब नीलेश को गाली देने से मना किया, तो नीलेश ने डोरी काटने का झूठा आरोप लगाते हुए झूमाझपटी शुरू कर दी। विवाद बढ़ते ही नीलेश के पिता लोक सिंह और चाचा भगवान सिंह हाथ में लाठी लेकर आ गए। आरोपियों ने लाठी से हमला कर कृष्णकांत के कंधे पर चोट पहुंचाई। बीच-बचाव करने आए रविकांत की बाईं जांघ पर लोक सिंह ने लाठी मार दी। वारदात के बाद तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

# आरपीएफ द्वारा चलाया गया टिकट जांच अभियान

**जबलपुर, नवभारत।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, के निर्देशन में जबलपुर रेलवे स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष सघन टिकट जांच अभियान संचालित किया गया। यह अभियान सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के आगमन के समय प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2 एवं 3 पर चलाया गया। अभियान में ष्ष्ट्रञ्जद्ध संदीप श्रोती, हेड टिकट परीक्षक बृजेश तिवारी तथा रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक धीरज कुमार के नेतृत्व में कुल 6 टिकट जांच कर्मचारी एवं 3 आरपीएफ कर्मियों ने सहभागिता की। जांच के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों, स्टेशन एवं प्लेटफॉर्म परिसर में गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों तथा बिना बुक कराए अतिरिक्त सामान (अनबुक्ड लगेज) के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 49 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे 23,265 का रेल राजस्व अर्जित हुआ।




# कबाड़ गोदाम में लगी आग , फायर ब्रिगेड टीम ने पाया काबू

**टला बड़ा हादसा**

**धनवन्तरी नगर की पुरवा बस्ती में हादसा**



**नवभारत, जबलपुर।** धनवंतरी नगर की पुरवा बस्ती स्थित एक कबाड़ गोदाम में अचानक भड़की आग पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम ने सतर्कता दिखाते हुए महज 15 से 20 मिनट के भीतर पूरी तरह काबू पा लिया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में टीम की इस त्वरित कार्रवाई के चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया और आस-पास की घनी आबादी वाले क्षेत्र को सुरक्षित बचा लिया गया। इस संबंध में फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर ने बताया कि पुरवा बस्ती में स्थित कबाड़ गोदाम से अचानक धुएं का गुबार और आग की लपटें उठती देख स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया था। कबाड़ में प्लास्टिक और ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी। इसकी सूचना नागरिकों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत नगर निगम के फायर कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर फाइटिंग टीम दमकल वाहनों के साथ बिना एक पल गंवाए मौके पर पहुंची और टीम ने तुरंत मात्र 15-20 मिनट में काबू पाया। टीम के कुशल तालमेल और सूझबूझ का ही नतीजा था कि मात्र 15 से 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सुरक्षा के प्रति सजगता नगर निगम प्रशासन ने इस सफल ऑपरेशन के लिए फायर ब्रिगेड की टीम की सराहना की है।

## साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, नवभारत।** बडेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जबलपुर में साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीआरपी थाना जबलपुर की थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत शुक्ला ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर उत्पीड़न से बचाव और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने जागरूकता और समय पर शिकायत दर्ज कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। साइबर विशेषज्ञ सागर उपाध्याय ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, सेफ क्लिक,फिशिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड और बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए।

# हथियारों से लैस बदमाशों ने किसान पर किया हमला, कार में की तोड़फोड़

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत कुसमी में खेत की बोनी कराने जा रहे एक किसान पर बदमाशों ने लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और पाइप से हमला कर दिया। आरोपियों ने न सिर्फ किसान को बेरहमी से पीटा, बल्कि उसकी स्विफ्ट डिजायर कार में भी जमकर तोड़फोड़ की। वारदात के बाद आरोपी किसान को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम कुसमी निवासी किसान बबलू यादव का कार में ट्रैक्टर के पीछे-पीछे चल रहे थे। भोला बर्मन का ट्रैक्टर लेकर अपने बख्खा वाले खेत में मक्का और अरहर की बोनी कराने जा रहे थे। बबलू ट्रैक्टर के पीछे-पीछे चल रहे थे। जैसे ही उन्होंने खेत के पास अपनी कार खड़ी की, तभी गांव के अन्नी बर्मन, कन्नू बर्मन और रामदयाल बर्मन वहां लाठी-डंडे लेकर आ धमके और विवाद करने लगे। इसके बाद सभी ने बबलू पर हमला कर दिया । पीड़ित किसान किसी तरह जान बचाकर अपनी कार के अंदर जाकर बैठ गया। इसी बीच चौथा आरोपी राजकुमार बर्मन हाथ में लोहे की रॉड लेकर वहां पहुंच गया।

गंदगी

खुले में पड़ा कचरा बना परेशानी का सबब, मवेशियों की आवाजाही से दुर्घटना का भी खतरा

# गंदगी से घिरा इलाका, सफाई व्यवस्था हुई बेअसर



**नवभारत , जबलपुर ।** जबलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन कई इलाकों में हालात अब भी बदले नहीं हैं। नयामोहल्ला-फलादरैन क्षेत्र में सड़क किनारे जमा कचरे का ढेर और उसके बीच घूमते मवेशी साफ-सफाई की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। प्लास्टिक, घरेलू अपशिष्ट, सूखी लकड़ियां और अन्य कचरा कई दिनों से खुले में पड़ा हुआ है, जिससे आसपास के लोगों को बदबू, गंदगी और संक्रमण के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। नवभारत द्वारा गुरुवार को की गई पड़ताल के दौरान देखा गया कि सड़क किनारे बड़ी मात्रा में मिश्रित कचरा जमा है। ऐसा प्रतीत होता है कि नियमित उठाव नहीं होने के कारण यह स्थान धीरे-धीरे स्थायी डंपिंग प्वाइंट में बदल गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार सफाई होती भी है तो केवल औपचारिकता निभाई जाती है।

### बारिश से पहले नहीं हुई तैयारी

स्थानीय लोगों ने बताया कि मानसून के आगमन से पहले नालियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की जानी चाहिए, लेकिन इस क्षेत्र में कचरे का ढेर अब भी जस का तस है।

### मवेशियों का जमावड़ा बढ़ा रहा खतरा

कचरे में भोजन तलाशने के लिए गाय और अन्य मवेशी लगातार यहां पहुंच रहे हैं। कई बार ये सड़क के बीच तक आ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## शिविर का हुआ वार्षिक निरीक्षण

**जबलपुर, नवभारत।** 4 स्क्वष्ट्रञ्जक्र ह्रष्ट बटालियन जबलपुर द्वारा आयोजित ष्ट्रञ्जष्ट-102 के पंचम दिवस शुक्रवार को ग्रुप कमांडर, जबलपुर ग्रुप, ब्रिगेडियर रितेश बहल ने शिविर का वार्षिक निरीक्षण किया। गार्ड ऑफ ऑनर प्रात: 09:15 बजे ग्रुप कमांडर का आगमन हुआ। जिसके बाद कमान अधिकारी कर्नल सिद्धार्थ सुर्वे द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया, जिसका ब्रिगेडियर ने निरीक्षण किया एवं सलामी ली। कैंप क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण ब्रिगेडियर रितेश बहल ने सीओ साहब के साथ संपूर्ण कैंप लोकेशन का लेआउट लिया।

# थैलेसीमिया और सिकलसेल पीड़ितों मिल रहा जीवनदान

**मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में 10 बच्चों का बीएमटी किया गया**




**नवभारत,जबलपुर।** विश्व सिकिलसेल दिवस नेताजी सुभाष चंद्रबोस मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल 2 में मनाया गया। इस अवसर पर सिकलसेल से पीड़ित बच्चों का सम्मान किया गया। इस दौरान विशेष रूप से जिनका बोन मैरो ट्रांसप्लाट हो चुका है, उनके परिजनों को बुलाकर उन परिवारों से मिलवाया गया, जिनका ट्रांसप्लांट होना है, साथ ही जो बच्चे ठीक हो चुके हैं, उनके परिजनों ने पूरी प्रक्रिया एवं अनुभव सभी के साथ बांटा और सभी को यह संदेश दिया कि जिनके बच्चों का एचएलए मैच हुआ है, उन्हें भी बीएमटी करानी चाहिए।

इस दौरान बताया गया कि मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में 10 बच्चों का बीएमटी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज डीन डॉ नवनीत सक्सेना, आईएमए अध्यक्ष डॉ ऋचा शर्मा, कैंसर विभाग अध्यक्ष डॉ लक्ष्मी, बीएमटी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्वेता पाठक, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ बी एस यादव, थैलेसीमिया जन जागरण समिति प्रदेश अध्यक्ष विकास शुक्ला, पराग सागर फाउंडेशन अध्यक्ष पराग सागर, पूर्णायु वेलनेस फाउंडेशन अध्यक्ष रवि तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।